राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–82/2026

बिहार लोक भवन में गोवा, महाराष्ट्र एवं सिक्किम के स्थापना दिवस का आयोजन किया गया

पटना 17 मई, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन, पटना में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत गोवा, महाराष्ट्र एवं सिक्किम के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा वहाँ के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी एवं इन राज्यों की प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के प्रत्येक राज्य की विशेषताओं को जानना आवश्यक है। इससे हम अपने देश को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 1961 में एक सैन्य अभियान के माध्यम से गोवा को भारत में मिला लिया गया। गोवा पूरे विश्व में पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है।

उन्होंने सिक्किम द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष इस राज्य को 'सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार' प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सिक्किम के लोग अत्यंत अनुशासित हैं। सिक्किम सिलीगुड़ी कॉरिडोर के उत्तरी क्षेत्र में स्थित है तथा भारत की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है।

राज्यपाल ने कहा कि महाराष्ट्र देश का तीसरा सबसे बड़ा राज्य है। इसका सकल घरेलू उत्पाद लगभग 500 बिलियन डॉलर है तथा देश की अर्थव्यवस्था में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। सिनेमा, पर्यटन, आर्थिक गतिविधियों, कॉरपोरेट क्षेत्र, स्टॉक एक्सचेंज तथा शहरीकरण जैसे क्षेत्रों में महाराष्ट्र का देश में प्रमुख स्थान है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री जिष्णु देव वर्मा के वीडियो संदेश, महाराष्ट्र राज्य पर आधारित वीडियो एवं महाराष्ट्र गीत का प्रसारण किया गया। इन राज्यों की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को महाराष्ट्र सरकार के माननीय मंत्री श्री आशीष सेलार, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव छिरीड वाई० भूटिया एवं महाराष्ट्र मंडल के सचिव श्री संजय भोंसले ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन, राज्यपाल के सचिव श्री गोपाल मीणा, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, बिहार में रहकर पढ़ाई कर रहे इन राज्यों के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे वहाँ के महानुभावगण एवं उनके परिजन तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

……………………………………